तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 10 जुलाई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

कम बारिश के बीच सिंचाई बांधों का बढ़ रहा जलस्तर, घुनघुट्टा बांध में भरा 50 फीसदी पानी
4



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
10 जुलाई 2026
कूपन नं.
7

# शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचे प्रधान पाठक, दरवाजे पर ही गिर पड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शासन कितने भी प्रयास कर रहे लेकिन निचले स्तर पर स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि जिनके कंधों पर बच्चों का बेहतर भविष्य गढ़ने और उन्हें अच्छी शिक्षा देने की जिम्मेदारी है वहीं शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंच रहे है। ताजा मामला सूरजपुर जिले के रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम साल्ही से सामने आया है। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक ही शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचे और स्कूल गेट के बाहर ही जमने पर पड़े रहे। इस दौरान कुछ लोगों ने नशेड़ी शिक्षक का वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच की बात कही है। जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि सूरजपुर जिले के रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम साल्ही के खोरखोरीपारा में आदिम जाति कल्याण विभाग प्राथमिक शाला संचालित है। इस प्राथमिक शाला में आस पास के क्षेत्र के बच्चे पढने के लिए आते है लेकिन इस स्कूल से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसने सभी को हैरान कर दिया। इस स्कूल में पदस्थ प्रधान पाठक हरिनंदन सिंह शराब के नशे में धुत होकर स्कूल आने का वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि प्रधान पाठक हरिनंदन सिंह 8 जुलाई को स्कूल समय में शराब के नशे में धुत होकर पहुंचे थे। प्रधान पाठक इस कदर नशे में थे कि वे ठीक से खड़े तक नहीं हो पा रहे है और स्कूल गेट के बाहर ही जमीन पर गिरे हुए है। प्रधान पाठक के नशे में धुत होकर पहुंचने के सूचना मिलने के बाद कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसका वीडियो बनाया।

वायरल वीडियो में भी साफ तौर पर देखा जा सकता है कि प्रधान पाठक नशे में धुत है। इस घटना के सामने आने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को लेकर किए जा रहे प्रयासों पर सवाल खड़े हो गए है। एक तरफ शासन प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए प्रयास कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर शिक्षक ही नशे में धुत होकर शासन के प्रयासों पर पलीता लगा रहे है।

## वायरल हुआ वीडियो, रामानुजनगर के साल्ही खोरखोरीपारा प्राथमिक शाला का मामला, किया गया निलंबित

### ग्रामीणों में रोष, कार्रवाई की मांग

प्रधान पाठक के नशे में स्कूल आने का वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों में रोष का माहौल है। बड़ी बात यह है की नशे में धुत प्रधान पाठक ने ग्रामीणों के समक्ष गाली गलौज भी की। लोगों का कहना है कि बच्चों को स्कूल में बेहतर शिक्षा के लिए भेजा जाता है लेकिन अगर जिम्मेदार ही इस तरह नशे में धुत होकर स्कूल आएंगे तो बच्चों पर क्या असर पड़ेगा। शराब और नशे के खिलाफ बच्चों को जागरूक करने की जिम्मेदारी भी शिक्षकों की है लेकिन शिक्षक ही नशे में धुत होकर स्कूल पहुंच रहे है। लोगों ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।



### की गई है कार्रवाई

मामले की जानकारी मिली है। बीईओ रामानुजनगर को जांच निर्देश दिए गए है और जांच के बाद निलंबन की कार्रवाई की गई है। विभागीय जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

-श्रीमती लता बेक
प्रभारी डीईओ सूरजपुर

### कलेक्टर के निर्देश पर की गई कार्रवाई

साल्ही खोरखोरीपारा प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक हरिनंदन सिंह के शराब के नशे में धुत होकर स्कूल आने के मामले को कलेक्टर सूरजपुर ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर श्रीमती रैना जमील के निर्देश पर प्रभारी डीईओ श्रीमती लता बेक द्वारा जांच कराई गई। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि प्रधान पाठक शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के समक्ष गाली गलौज करने के साथ ही जमीन पर लेट गये और अभद्र व्यवहार किया। बीईओ रामानुजनगर अवधेश कुमार साहू की जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रधान पाठक हरिनंदन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही मामले में विभागीय जांच भी कराई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### 50 हजार नगद, कार-बाइक के साथ आठ जुआरी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सरगुजा पुलिस ने छापामार कर ढाबा के परछी में बैठकर जुआ खेल रहे आठ लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने जुआरियों से 50 हजार रूपए नगदी के साथ ही कार, बाइक समेत आठ लाख रूपए का मशरुका बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बता दें कि जिले में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जुआ खेलने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इस बीच गांधीनगर पुलिस को 9 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चठिरमा स्वस्तिक ढाबा में कुछ लोग हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना के बाद पुलिस ने चठिरमा स्वस्तिक ढाबा के समीप घेराबंदी कर मौके से आठ लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा है। पुलिस ने जुआरियों के पास से 52 पत्ती ताश, 50 हजार 900 रूपए नगद, 1 नग चारपहिया वाहन एवं 4 नग दोपहिया वाहन समेत कुल लगभग 8 लाख का मशरुका बरामद किया है। पुलिस ने मामले में जुआ खेल रहे केदारपुर निवासी 38 वर्षीय प्रेम सिंह आ. उमेश सिंह, भगवानपुर निवासी 32 वर्षीय शंकर मिस्त्री आ. नरेंद्र मिस्त्री, खलिबा निवासी 43 वर्षीय दीपक पकरिया आ. स्व. चंदू राम, चठिरमा निवासी 40 वर्षीय खगेश राम आ. रामजतन, 30 वर्षीय कोमल सिंह आ. बलिंदर सिंह, जयनगर आमापारा संजयनगर निवासी 25 वर्षीय गोपाल भद आ. खितीश भद, चठिरमा निवासी 32 वर्षीय योगेन्द्र प्रसाद आ. शंकर प्रसाद, 42 वर्षीय कार्तिक दास आ. नागेन्द्र दास को धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत गिरफ्तार किया है।

### यूपी से लेकर आ रहे थे अवैध खाद, 240 बोरी उर्वरक जब्त

**बलरामपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों, अवैध उर्वरक एवं कृषि आदानों के परिवहन तथा विक्रय पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में कृषि एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा बिना वैध दस्तावेजों के जैविक खाद का परिवहन करते पाए जाने पर एक वाहन को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जुलाई को थाना प्रभारी बसंतपुर को अवैध परिवहन की सूचना मिलने पर बसंतपुर में वाहन क्रमांक सीजी-04 पीयू-5217 की जांच की गई। जांच के दौरान चालक द्वारा जैविक खाद के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। थाना प्रभारी द्वारा ट्रक वाहन को अभिरक्षा में लेकर कृषि विभाग को उक्त संबंध में जानकारी दी गई। जिस पर कृषि विभाग के अमले द्वारा ट्रक वाहन में रखे उरर्वक का जांच किया गया। जांच में पाया गया कि वाहन में 240 बोरी जैविक खाद परिवहन की जा रही थी। कृषि विभाग की टीम के द्वारा नियमानुसार खाद का नमूना लेकर परीक्षण हेतु भेजा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उक्त जैविक खाद हरियाली एग्रो, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) द्वारा निर्मित बताई गई है, जिसका निर्माण माह मई 2026 अंकित है। कृषि विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त उपस्थिति में उक्त वाहन को जब्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी की गई। इस संबंध में उप संचालक कृषि ने बताया कि उर्वरक अधिनियम 1985 के तहत आगे की कार्रवाई की की जा रही है। उन्होंने कहा है कि जिले में किसानों के हितों की सुरक्षा तथा गुणवत्तापूर्ण कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस प्रकार की जांच एवं कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## बैठक में सीएसईबी के अधिकारीयों को लगाई जमकर फटकार

# लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर एक साथ आए सत्ता पक्ष-विपक्ष के पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में अघोषित विद्युत कटौती और चरमराई व्यवस्था को लेकर पार्षदों का आक्रोश भड़क उठा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने एक साथ बैठकर विद्युत विभाग के अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई। एमआईसी सदस्य, पार्षदों ने अघोषित कटौती, फोन रिसीव नहीं करने सहित अन्य समस्याओं को लेकर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान महापौर और पार्षदों ने स्पष्ट रूप से कहा कि पिछले छह महीने में शहर के विद्युत वयवस्था की जो स्थिति हुई है इतनी बुरी स्थिति कभी नहीं थी। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो मुख्यमंत्री से मिलकर लापरवाह अधिकारियों के ट्रांसफर के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी।

**खास बातें**
- सुधार के लिए दिया गया अंतिम समय
- साथ जाएंगे सीएम से शिकायत करने

बता दें कि शहर में विद्युत व्यवस्था बदतर हो गई है। भीषण गर्मी के समय बिना किसी सूचना के रात रात भर लाईट गोल की गई। विद्युत कटौती की शिकायत करने पर फ्यूज काल सेंटर में कोई फोन नहीं उठाता। यदि फोन रिसीव हो भी जाए तो कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। लोगों को घंटों सुधार के लिए इन्तजार करना पड़ा। इसके साथ ही गर्मी के बारिश से पहले मेंटेनेंस के नाम पर घंटों वार्डों में कटौती की गई और अब फिर से समय समय पर मेंटेनेस के नाम पर फिर से कटौती की जा रही है। इतना ही नहीं मेंटेनेस होने के बाद भी विद्युत व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर लोगों में खासा आक्रोश है और लोगों की नाराजगी का सामना नगर निगम के पार्षदों को करना पड़ रहा है। यही वजह है कि शहर के पक्ष विपक्ष के पार्षद एक मंच पर नजर आए। गुरुवार को नगर निगम में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की मौजूदगी में कांग्रेस और भाजपा के सभी पार्षदों की बैठक बुलाई गई और इस बैठक में सीएसईबी के अधिकारियों को भी बुलाया गया। बैठक में सीएसईबी के ईई, सब इंजीनियर, लाइन मैंन सहित अन्य शामिल हुए। इस दौरान दोनों पक्षों के पार्षदों ने विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों पर जमकर भड़ास निकाली।



नगर निगम की बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को खरीखोटी सुनाते पार्षदगण।

### लिखित शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं

बैठक के दौरान पार्षदों ने नाराजगी जाहिर कि शहर के विद्युत केबल जर्जर हो चुके है, तार झूल रहे है। चार से छह घंटों तक कटौती की जा रही है। फ्यूज काल सेंटर में फोन नहीं उठता। अधिकारी भी फोन नहीं उठाते है। लो वोल्टज की समस्या बन गई है। मेंटेनेस के नाम पर लाईट काटी गई और अब फिर से 2 बजे का समय देकर 4 बजे कटौती कर दी गई। अघोषित कटौती से टंकियों में पानी नहीं चढ़ पा रहा है। पहले से विद्युत की समस्या के बाद पानी सप्लाई नहीं होने से पार्षदों को लोगों की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। कई पार्षदों ने कहा कि लिखित में आवेदन व शिकायत देने के बाद भी कोई सुधार वार्डों में नहीं किया जाता है। वहीं निगम की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर भी कार्रवाई नहीं होती है। शहर में लगे स्मार्ट मीटर से बेतहाशा बिजली बिल आ रहा है और लोग परेशान है।

### नहीं तो बांध ले बोरिया बिस्तर

बैठक में अधिकारियों ने भी सब स्टेशन के लिए जगह उपलब्ध कराने की बात रखी। इसके साथ ही अपने कर्मचारियों के कमी की समस्या से अवगत कराया। इस दौरान महापौर और पार्षदों ने कहा कि पिछले छ माह में ही स्थिति बिगड़ी है। अधिकारी फ्यूज काल सेंटर में कर्मचारी बिठाए जो फोन उठाए। इसके साथ ही कर्मचारियों की संख्या बढाई जाए, नगर निगम सब स्टेशन के लिए जमीन उपलब्ध कराने को तैयार है। विद्युत विभाग सामग्री की गुणवत्ता में सुधार करे। यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी और लापरवाह अधिकारी कर्मचारी अपना बोरिया बिस्तर बांध ले।

### की है नाराजगी जाहिर

विद्युत कटौती और लचर व्यवस्था को लेकर निगम के सभी पार्षदों और सीएसईबी के अधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी। सभी ने अपनी नाराजगी जाहिर की। अधिकारियों को साफ़ और कड़े शब्दों में स्थिति में सुधार लाने कहा गया है। सुधार नहीं होने पर सीएम से मिलकर शिकायत करने के साथ ही इनके ट्रांसफर की मांग की जाएगी।

-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर



# ऐतिहासिक माता नाथल देवी मंदिर का होगा जीर्णोद्धार व भव्य निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रनपुर खुर्द स्थित ऐतिहासिक प्राचीन आस्था केंद्र माता नाथल देवी मंदिर के जीर्णोद्धार एवं भव्य निर्माण के लिए माता नाथल देवी मंदिर निर्माण एवं जीर्णोद्धार समिति का गठन किया गया है। समिति के संरक्षक जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया व जतेंद्र सिंह, अध्यक्ष गौटिया अर्जुन पटेल, उपाध्यक्ष सतीश यादव तथा सचिव हरिशंकर बनाए गए हैं।

समिति के सदस्यों में ननका बैगा, पंडा ललन प्रसाद, ललित राजवाड़े, नंदकेश्वर राजवाड़े, बुधनराम पैकरा, बरन राम, ननका यादव, कुमार राम, कन्हैयालाल आदि शामिल किए गए। समिति के अध्यक्ष गौटिया अर्जुन पटेल ने कहा कि बेनीपुर एक ऐसा सद्भावना ग्राम है, जहां धार्मिक और सामाजिक समरसता की अद्भुत मिसाल देखने को मिलती है। यहां स्थित माता नाथल देवी का मंदिर क्षेत्र की प्राचीन आस्था का केंद्र है।

इस मंदिर में आज भी बैगा परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना की जाती है तथा बैगा गुनिया के पूजा अर्चना और मंत्रोच्चार में माता नाथल देवी का नाम अवश्य रूप से लिया जाता है। उन्होंने बताया कि प्राचीन धरोहर का संरक्षण और विकास करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल द्वारा 5 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। सरकार की विचारधारा केवल विकास तक सीमित नहीं है बल्कि देश की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक विरासतों के संरक्षण एवं संवर्धन को भी समान महत्व देती है। श्री पटेल ने बताया कि बेनीपुर पंचायत रनपुर खुर्द स्थित माता नाथल देवी मंदिर के प्राचीन अवशेष आज भी मौजूद है तथा परिसर की बाउंड्री वाली भी निर्मित है। वर्षों से श्रद्धालु यह दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए आते रहे हैं। प्राचीन काल से बैगा, गुनिया एवं ग्रामीण जन इस स्थल पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करते रहे है। उन्होंने कहा कि बेनीपुर की पहचान धार्मिक सद्भाव और सांस्कृतिक एकता की प्रतीक है। इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहर के जीर्णोद्धार और मंदिर निर्माण का कार्य समाज के सभी वर्गों के सहयोग से शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

## पति ने मोबाइल खरीद कर नहीं दिया तो नवविवाहिता ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** चलगली थाना अंतर्गत ग्राम इन्जानी निवासी आकृति पटेल पति सुनील पटेल (19 वर्ष) 7 जुलाई का मोबाइल खरीदने की बात पर हुए विवाद के बाद आकृति ने कीटनाशक पी लिया। परिजन नवविवाहिता को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया।

- मृतिका के परिजन ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

चिकित्सकों ने नवविवाहिता की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन नवविवाहिता को शहर के मिशन अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पति सुनील ने पुलिस को बताया कि 7 जुलाई की सुबह सास का फोन आया तो पत्नी को बात करने कहा तो वह बात नहीं की और नए मोबाइल खरीद कर देने की बात कही। पैसा नहीं होने पर कुछ दिन बाद खरीदने कहा। संभवतः उसकी बात को लेकर कीटनाशक पी लिया। इधर मृतिका की माता सुषमा पटेल व पिता श्रवण पटेल ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि बेटी आकृति का विवाह 20 अप्रैल को इन्जानी निवासी सुनील से प्रेम संबंध होने के कारण सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ। शादी के बाद से पति सुनील किसी दूसरे लड़की से बात करता था और बेटी आकृति का मोबाइल भी अपने पास रख लिया था। साथ ही बेटी को जान से मारने की धमकी देने के साथ प्रताडित करता था। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## सफलता का आधार अनुशासन, चरित्र और सही दिशा में किया गया प्रयास भीः आईजी

**अंबिकापुर।** शहर के मोंट फोर्ट स्कूल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईजी सरगुजा दीपक झा शामिल हुए और कक्षा 10 वीं एवं 12वीं के मेधावी बच्चों को शील्ड और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

- मोंट फोर्ट स्कूल के 10वी, 12वी के विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

इस दौरान मुख्य अतिथि आईजी श्री झा ने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता का आधार केवल अच्छे अंक नहीं, बल्कि अनुशासन, चरित्र, निरंतर परिश्रम और सही दिशा में किया गया प्रयास है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी रुचि के अनुरूप करियर चुनने, असफलताओं से सीख लेने तथा सोशल मीडिया और इंटरनेट का सकारात्मक एवं जिम्मेदार उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की गतिविधियों के प्रति सजग रहने का आग्रह किया। विद्यालय के प्राचार्य एस. गैब्रियल ने अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए निरंतर प्रयास और समय के सदुपयोग का संदेश दिया। उन्होंने भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें परिणाम की चिंता किए बिना अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वागत नृत्य, समूहगान एवं प्रेरणादायी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित जनों का मन मोह लिया। समारोह के दौरान कक्षा 12वीं की छात्रा शीना मेहता को सम्मानित किया गया। शीना ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं 10वीं के छात्र समर्थ वराडे ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में टॉपर्स विद्यार्थियों कक्षा 12वीं से शीना मेहता (97.2 प्रतिशत), आयुष ठाकुर (92.4प्रतिशत), दिव्या तिग्गा (92.4 प्रतिशत) वहीं कक्षा 10वीं से समर्थ वराडे (96.6 प्रतिशत), सृष्टि चौधरी (95.2 प्रतिशत), तृप्ति गुप्ता (95.2प्रतिशत), स्नेहा टोप्पो (93.6 प्रतिशत को सम्मानित किया गया।



## 15 प्रकरणों में जब्त किया गया था नशे का सामान

# सरगुजा पुलिस ने नष्ट किया गांजा व नशे का सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान पकड़े गए गांजा, नशे के इंजेक्शन, टेबलेट, कफ सिरप को जब्त किया। बता दें की सरगुजा ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है और बड़े पैमाने पर गांजा, नशे के इंजेक्शन, टेबलेट, कफ सिरप जब्त किया जा रहा है। इन नशे के अवैध सामानों को समय समय पर नष्ट करने की प्रक्रिया भी की जाती है। इसी कड़ी में 15 प्रकरणों में जब्त किए गए मादक पदार्थों के नष्टीकरण की प्रक्रिया इंद्रा पावर जैन प्राइवेट लिमिटेड नयनपुर गिरवरगंज में जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति के निर्देशन में की गई। एसएसपी राजेश अग्रवाल, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मी कान्त गायकवाड़ व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में टीम ने कुल 15 प्रकरणों मे जब्त मादक पदार्थ गांजा 44.155 किलोग्राम, इंजेक्शन 1478 नग, टेबलेट 2610 नग, कफ सिरफ 110 नग को विधिवत नष्ट किया। अधिकारियों ने बताया गया कि कार्रवाई से पूर्व समस्त प्रकरणों की विस्तृत सूची एवं आवश्यक दस्तावेजों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा नष्टीकरण की सूचना संबंधित विभागों एवं न्यायालय को अग्रिम रूप से दी गई हैं। इस दौरान थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, एसपी कार्यालय से डीसीआरबी शाखा प्रभारी सउनि उमाशंकर पाण्डेय, सउनि गंभीर साय, प्रधान आरक्षक अनिल तिर्की, आरक्षक अजय यादव उपस्थित रहे।



## फर्जी दस्तावेज पर लकड़ी परिवहन का भंडाफोड़ अधिकारियों ने जब्त किया लकड़ी लोड ट्रक

**रामानुजगंज।** वनमंडलाधिकारी आलोक वाजपेई के निर्देश तथा वन परिक्षेत्राधिकारी डॉ.दिलरूबा बानो के नेतृत्व में गुरूवार को सुबह कनहर बैरियर पर की गई जांच के दौरान वन विभाग ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर परिवहन की जा रही बड़ी मात्रा में लकड़ी जब्त की है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5 बजे बैरियर जांच के दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईडी 9966 की जांच की गई। जांच में ट्रक में खम्हार, जामुन एवं नीलगिरी प्रजाति की कुल 89 नग लकड़ी, फर्जी दस्तावेजों के सहारे परिवहन करते हुए पाई गई। प्रथम दृष्टया दस्तावेज संदिग्ध पाए जाने पर विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लकड़ी सहित ट्रक को जब्त कर लिया। मामले में वनोपज परिवहन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जब्त ट्रक को आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए चोरपहारी डिपो में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। कार्रवाई में वनपाल दयाशंकर, विजय बर्मन, सुसना भगत, राजनाथ, पिंटू मालाकार, मंगल राम एवं निखिल सहित वन विभाग के अन्य कर्मचारी शामिल थे। वन परिक्षेत्राधिकारी ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है तथा दोषियों के विरूद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।



9 Ambikapur-pg 2-0_Layout 1 7/9/2026 9:55 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### संगठन के मजबूती से ही पार्टी को मिलती है जीत



**मनेन्द्रगढ़।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव ने कहा है कि संगठन की मजबूती ही आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की विजय का सबसे बड़ा आधार बनेगी। उन्होंने एमसीबी जिले के कार्यकतार्ओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा आम जनता से सतत संवाद बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाए। पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी नई पहचान बनाई है। आज देश विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, इसलिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह इन उपलब्धियों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाए।

### कांग्रेस के नवीन जिला कार्यालय का शुभारंभ




**मनेंद्रगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवीन जिला कार्यालय का शुभारंभ वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं पार्टी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीमती इंदिरा सेंगर, रमेश चंद्र सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पूर्व नपा अध्यक्ष प्रभा पटेल, जिला पंचायत सदस्य राजेश साहू, पूर्व नपा उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश चंद्र सिंह के जन्मदिन पर सभी ने उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी तथा उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिला महामंत्री रफीक मेमन, बलबीर सिंह, पूनम सिंह, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमोल सिंह मरावी, ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण रामनरेश पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शहरी सौरव मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि गोपाल गुप्ता, निखिल यादव, राजकुमार जैन, राजाराम कोल, फालगो प्रसाद त्रिपाठी, शुद्धु लाल वर्मा, दीपक श्रीवास्तव, के.डी. भाई, अकरम मंसूरी, भावेश जैन, गोपाल यादव, रंजन सिंह, रंजन शर्मा, जगरनाथ, विक्की दत्ता, नंदकिशोर भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीएम हेल्पलाइन में 1003 शिकायतें

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन, पारदर्शिता एवं जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के संकल्प को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए एमसीबी जिला प्रशासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन 1076 में प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का संवेदनशीलता, जवाबदेही और गुणवत्ता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। 1003 शिकायतें हुईं प्राप्त, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर जोर जिले में अब तक सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से कुल 1003 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

## चोरी के आरोप से आहत नाबालिग ने घर में लगाई फांसी, कोरिया पुलिस ने आईसी मार्ट दुकान को किया सील

# नाबालिग छात्रा की मौत से फैला जन आक्रोश, चक्काजाम





सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करते लोग।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ तीन संचालकों पर अपराध दर्ज

नाबालिग छात्रा की मौत के बाद न्याय की मांग को लेकर गुरुवार को पुलिस परिवार, आदिवासी समाज और बड़ी संख्या में लोगों ने शहर के आईसी मार्ट दुकान के बाहर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। 17 वर्षीय बालिका ने कथित रुप से चोरी का आरोप लगाए जाने से आहत होकर घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद कोरिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित आईसी मार्ट दुकान को सील कर दिया तथा तीन संचालकों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। फिलहाल तीनों आरोपी फरार बताए जा रहे हैं और उनकी तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार 7 जुलाई को दो बालिकाएं शहर स्थित आईसी मार्ट दुकान में सामान खरीदने गई थीं। आरोप है कि मार्ट संचालकों ने दोनों बहनों पर चोरी का आरोप लगाया और दबावपूर्वक लिखित बयान लिया कि उन्होंने चोरी की है। साथ ही उनकी स्कूटी भी रोक ली गई। दोनों बहनों ने घर पर घटना की जानकारी नहीं दी, बल्कि आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। अगले दिन 8 जुलाई को दोपहर में 1 से 2 बजे के बीच बालिका ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस सक्रिय हुई और देर शाम आईसी मार्ट को सील कर दिया। सिटी कोतवाली पुलिस ने आईसी मार्ट के संचालक दीपक वैद, विनोद वैद एवं जगत वैद के खिलाफ धारा 296, 107, 308(2), 309(4) बीएनएस तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति निवारण अधिनियम की धारा 3(2) (व्ही) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।



परिजन से मुलाकात करते विधायक भईयालाल।

### कार्रवाई की मांग

घटना के दूसरे दिन गुरुवार को बड़ी संख्या में पुलिस परिवार, आदिवासी समाज की महिलाएं और परिजन आईसी मार्ट के सामने धरने पर बैठ गए तथा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। कुछ समय तक मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए भाजपा-कांग्रेस के कई नेताओं ने अपनी संवेदना व्यक्त की तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। मामले में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने भी घटना की निंदा करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई है।

### परिजन से मिले भईयालाल, बोले- दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

विरोध प्रदर्शन के बीच बैकुंठपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ति परिवार से मुलाकात कर घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाना चाहिए और पीड़ति परिवार को न्याय मिलना चाहिए। सिटी कोतवाली में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान सभी पहलुओं की बारीकी से पड़ताल की जाएगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग की मौत दुःखदः अंबिका

पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव ने कहा कि किसी छोटी-सी घटना को इतना तूल देना कि उसके दबाव में एक बालिका को मौत को गले लगाना पड़े, पूरे समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। मैं प्रशासन से मांग करती हूं कि इस मामले की बिना किसी दबाव के निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा पीड़ति परिवार को न्याय दिलाया जाए। परिवार की इस अपूरणीय क्षति की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन समयबद्ध और निष्पक्ष न्याय ही शोकाकुल परिवार के प्रति सच्ची संवेदना और समाज का विश्वास कायम रखने का माध्यम होगा।

### पूर्व विधायक बोले- मिले न्याय

पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने परिवार के प्रति संवेदना जाहिर करते हुए कहा कि जब मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है, तब भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना चिंताजनक है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर तत्काल और सख्त कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने मांग की कि मामले में कानून के अनुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और पीड़ति छात्रा को न्याय दिलाया जाए।

# भाई की पिटाई से हुई युवक की मौत

## हत्या के आरोप में सगा भाई गिरफ्तार, पटना पुलिस ने की कार्रवाई

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के पटना थाना क्षेत्र में घर-जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के सगे भाई को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पटना पुलिस के अनुसार बीते 26 जून 2026 को रामप्रकाश कुशवाहा ने ललित कुशवाहा की संदिग्ध मौत की सूचना थाना पटना में दी थी, जिस पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई।

पंचनामा, परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच में सामने आया कि मृतक ललित कुशवाहा और उसका छोटा भाई शारदा कुशवाहा के बीच घर-जमीन के बंटवारे को लेकर अक्सर विवाद और मारपीट होती रहती थी। जांच में यह भी पता चला कि 23 जून की सुबह करीब 9:30 बजे शारदा कुशवाहा ने ललित की हाथ-मुक्कों और डंडे से पिटाई कर दी थी। गंभीर रूप से घायल ललित को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना में भर्ती कराया गया, जहां से जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर रेफर किया गया। उपचार के दौरान 25 जून की शाम करीब 6:15 बजे उसकी मौत हो गई। मर्ग जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मारपीट से आई चोटों के कारण मृत्यु की पुष्टि होने पर पुलिस ने आरोपी शारदा कुशवाहा (36), निवासी ग्राम सावांरावां थाना पटना, के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने 8 जुलाई को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



गिरफ्तार आरोपी ।

### पुलिस वाहिनी को मिले नए वाहन

**मनेन्द्रगढ़।** पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस वाहिनी को उपलब्ध कराए गए नवीन वाहनों का बुधवार को वाहिनी परिसर में पारंपरिक विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कमांडेंट संजय शर्मा की उपस्थिति में नए वाहनों का पूजन कर उन्हें विभिन्न शाखाओं एवं संबंधित अधिकारियों को आवंटित किया गया। कार्यक्रम में वाहिनी के वरिष्ठ अधिकारियों तथा पुलिस जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात कमांडेंट संजय शर्मा ने वाहनों का अवलोकन कर उनकी तकनीकी सुविधाओं एवं उपयोगिता की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं वाहन चालकों को वाहनों का सुरक्षित संचालन, नियमित रखरखाव तथा विभागीय कार्यों में उनका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.-/ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दर्शना देवी पति मोहन लाल अग्रवाल निवासी जवाहर मार्केट नवापारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 40/149 रकबा 0.022 हे. भूमि को अनावेदक गायत्री गायेल पति मनोज गोयल व अन्य निवासी पटपरिया अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राषि रूपये 35,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को काई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 27/7/26 के पूर्व स्वयं अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/7/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

### न्यायालय प्रधान जिला न्यायाधीश बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

(पीठासीन अधिकारी- हेमंत सराफ)

**समंस/नोटिस**

(सिविल प्रक्रिया संहिता 96)
विविध व्यवहार वाद प्रकरण क्र.-अपंजीकृत / 2026
प्रोसेस नं.-1211/ दिनांक 06.07.2026
पेशी दिनांक - 31.07.2026

पक्षकार- रामजीत खैरवार .......... अपीलार्थीगण
-:: विरूद्ध ::-
श्रीमती सुंदरी व 09 अन्य .......... उत्तरवादीगण

प्रति,

आवेदक अतवरिया के द्वारा व्यवहार वाद प्रकरण इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः उत्तरवादी क्रमांक-9. मनीष आत्मज राजेन्द्र यादव उम्र लगभग 18 वर्ष जाति अहिर, निवासी ग्राम बेलकुर्ता तहसील रामचन्द्रपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मै अवकाश पर जाता हूँ तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक-06.07.2026 को जारी।

(हेमंत सराफ)
प्रधान जिला न्यायाधीश
बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज (छ.ग.)

### न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बलरामपुर, स्थान - रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

(पीठासीन अधिकारी-श्रीमती दीप्ति सिंह गौर)

**समंस/नोटिस**

(भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम अन्तर्गत धारा 372 प्रक्रिया संहिता )
उत्तराधिकार प्रकरण क्र. - 13/2024
प्रोसेस नं. - 326/2026
प्रोसेस दिनांक- 08.07.2026
पेशी दिनांक - 11.08.2026

पक्षकार- रिंकू कुमारी वगै. .......... आवेदकगण
-:: विरूद्ध ::-
आम जनता .......... अनावेदक

प्रति,

आवेदकगण रिंकू कुमारी के द्वारा उत्तराधिकार प्रकरण इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः अनावेदक आम जनता (जिनका हित हो) वाड्रफनगर थाना बसंतपुर चौकी वाड्रफनगर तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मैं अवकाश पर जाती हूँ, तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जावेगी।

इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक- 08/07/2026 को जारी।

(श्रीमती दीप्ति सिंह गौर)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज
बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं पालेश्वर राम आत्मज स्व.लुथरू राम आयु 53 वर्ष जाति उरांव निवासी ग्राम भंवराडांड थाना व तहसील सीतापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूं। मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र संबंधित कार्यालय से जारी किया गया है, जिसमें मेरे पुत्र का नाम-श्रेयांश खलखो जन्म तिथि 16.01.2012 अंकित है, जबकि आधार कार्ड में लिपिकीय त्रुटिवश श्रियांस खलखो जन्म तिथि 16.01.2011 दर्ज हो गया है। उक्त दोनो नाम श्रेयांश खलखो एवं श्रियांस खलखो मेरा पुत्र का ही नाम है जो एक ही व्यक्ति का नाम है। मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड में अंकित नाम – श्रियांस खलखो जन्म तिथि-16.01.2011 को विलोपित कराते हुए उसके स्थान पर यही नाम-श्रेयांश खलखो SHREYANSH KHALKHO जन्म तिथि-16.01.2012 दर्ज कराना चाहता हूँ।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
पालेश्वर राम
आत्मज स्व. लुथरू राम
निवासी- ग्राम भंवराडांड थाना व तहसील सीतापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते है। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते है एवं ट्रस्ट की वेबसाईट www.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर
मो. 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर
मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल :- 9425547550

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसिन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 12 जुलाई 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा मार्केट

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
CGHS से मान्यता प्राप्त
हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY
LAPAROSCOPIC SURGEON

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆नसों का रोग
◆त्वचा एवं बालों का रोग ◆स्त्री रोग ◆मानसिक रोग
◆मूत्र संबंधी रोग ◆मधुमेह (डायबिटीज़) ◆नेत्र रोग
◆किडनी संबंधी रोग ◆पेट संबंधी विकार ◆थायराइड
◆अस्थमा ◆मोटापा ◆मांसपेशी का रोग
◆मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण
टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे
शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING
·DEEMED COLLEGE
·COUNSELLING
·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
·FORM FILLUP ASSISTANCE
·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA
9109920477

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान' के तहत सर्वेक्षण दल को दिया गया प्रशिक्षण

**शंकरगढ़।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड शंकरगढ़ में सर्वेक्षण दल का दो दिवसीय प्रशिक्षण 6 एवं 7 जुलाई को जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम ने की। प्रशिक्षण में सर्वेक्षण दल में शामिल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, ग्राम सचिव, पटवारी एवं रोजगार सहायकों को अभियान के प्रभावी संचालन के लिए विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों द्वारा 17 विभागों की कुल 31 व्यक्तिगत हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित सर्वे प्रपत्रों को भरने, पात्रता निर्धारण, आवश्यक दस्तावेजों तथा सर्वेक्षण की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि अभियान को तीन चरणों में संचालित किया जाएगा। प्रथम चरण में 10 से 31 जुलाई तक सर्वेक्षण दल घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों की पहचान करेगा तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से वंचित परिवारों का सर्वे करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ वेद प्रकाश पांडे सहित विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनपद सभा कक्ष में उत्साह के साथ मनाया गया पंचायत सचिव स्थापना दिवस

**राजपुर।** जनपद पंचायत के सभा कक्ष में मंगलवार को पंचायत सचिव स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि रवि प्रताप मरावी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियों ने पंचायत सचिवों के संघर्ष और संगठन की यात्रा पर प्रकाश डाला। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा भर्ती नियमों एवं पदस्थापना प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए, जिससे पंचायत सचिवों की सेवा व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित हुई। वर्तमान में वरिष्ठ पंचायत सचिवों को लगभग 40 हजार से 60 हजार रुपये तक वेतन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस संगठन की एकता, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। मुख्य अतिथि आकाश अग्रवाल ने पंचायत सचिवों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में पंचायत सचिवों का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम का संचालन अगस्तुस टोप्पो ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मानसाय सिदार, पंचायत निरीक्षक फूल मोहन राम, लेखपाल श्यामलाल गुप्ता, सिमोन खेस, विक्की गुप्ता, लक्ष्मी मिश्रा, शोभना एक्का, सचिव संघ के प्रदेश महामंत्री नरेंद्र जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक गुप्ता, कृष्णानंद तिवारी, सुनील तिवारी, देवीदयाल मरावी, नंदलाल यादव, शमीमुद्दीन अंसारी, देवनाथ, जयपाल सिंह, मुकेश सोनी, प्रदीप, शेखर कुजूर सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले के सभी थानों एवं चौकियों में एक साथ चलाया गया नशा मुक्ति अभियान



**डांड़गांव।** पुलिस चौकी शिवनगर तारा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देशन, बोर्नड कुजूर एसडीओपी मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी द्वारा चौकी क्षेत्र में व्यापक रूप से नशा मुक्ति अभियान चलाया। नशा मुक्ति अभियान हाई स्कूल तारा, हायर सेकंडरी स्कूल शिवनगर, अदानी विद्या मंदिर सल्हि, खदान के कर्मचारियों, बैंक, बाजार एवं सभी ग्राम पंचायतों में चलाया गया। पुलिस चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी ने कहा कि नशा नाश का कारण है अगर अपने आने वाले कल वर्तमान को अच्छा बनाना है तो नशा पान से दूर रहे। समाज में नशा पान बढ़ते जा रहा है जिस कारण आने वाले पीढ़ी इससे बचे, नशा अपराध का सबसे बड़ा कारण है। आज समाज में जितने भी बड़े अपराध हो रहे हैं उसके पीछे अधिकांश कारण नशा के कारण ही होता है। नशा करने से परिवार, घर, समाज, आर्थिक स्थिति एवं स्वंय के शरीर का भी नाश होता है।

## निधन

### लक्षमण प्रसाद चौधरी



**डांड़गांव।** ग्राम पंचायत डांडगांव निवासी लक्षमण प्रसाद चौधरी का 70 वर्ष की आयु में 9 जुलाई की सुबह निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे जिनका ईलाज रायपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार डांड़गांव स्थित मुक्ति धाम में किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र राजा चौधरी ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में आस पास के गांव के लोग शामिल हुए। वे अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड़ चले गए।

### परशुराम तिवारी



**रामानुजगंज।** क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक परशुराम तिवारी का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 8 जुलाई की रात अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे दो पुत्र सुभाष तिवारी एवं राजेश तिवारी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम समय तक उनकी सेवा उनके नाती वेद प्रकाश तिवारी ने की। उनके निधन पर परिजन और नागरिकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बारिश के बाद गड्ढों में भरा पानी

# बारिश के बाद ग्राम पंचायत सिरकोतंगा सड़क की हालत दयनीय, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

बारिश के बाद ग्राम पंचायत सिरकोतंगा की सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई। क्षेत्र में हुई भारी बारिश के बाद सड़क पर बने गड्ढों में पानी के भर जाने से अब लोगों का आवागमन करना मुश्किल हो गया है। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र के लोग पिछले 20 साल से सड़क मरम्मत कराने की मांग कर रहे है लेकिन आज तक लोगों को जर्जर सड़क से मुक्ति नहीं मिल सकी है। ऐसे में क्षेत्र के ग्रामीण जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**

- शिकायत के बाद भी जर्जर सड़क से क्षेत्र के लोगों को नहीं मिली मुक्ति

जनपद पंचायत लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरकोतंगा सड़क की हालत बारिश के बाद से और भी दयनीय हो गई। सड़क कटकोना से पुहपुटरा और रजपुरी कला से एनएच 130 पर जाकर मिलती है। लगभग 12 किलोमीटर सड़क को एसईसीएल द्वारा लगभग 20 वर्ष पूर्व बनाया गया था जो मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुकी है। सड़क निर्माण के कई साल बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को हर मौसम में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात में बारिश होने पर सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। ऐसे में स्कूल पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि जनपद पंचायत लखनपुर के अंतर्गत अमेरा खदान क्षेत्र से कटकोना–पुहपूटरा–सिरकोतंगा –रजपुरी मार्ग एनएय 130 जोड़ने वाली मार्ग की बदहाली पिछले कई वर्षों से है। सड़क की मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों के लिए गंभीर संकट बनी हुई है। वर्ष 2006–07 में एसईसीएल द्वारा अमेरा खदान संचालन के साथ ही इस सड़क का निर्माण कराया गया था। इसके बाद लगभग 20 वर्षों में आज तक दोबारा मरम्मत नहीं की गई जिससे सड़क की हालत दिनों दिन और भी खराब हो जा रही है। ऐसे में बरसात के इस मौसम में गड्ढों में तब्दील सड़क ने क्षेत्र के लोगों की परेशानी और भी बढ़ा दी है।



सड़क के गड्ढों में जमा पानी।

**तीन गांव को जोड़ती है सड़क**

यह सड़क न केवल तीन गांवों को जोड़ती है, बल्कि इस मार्ग से ही संभाग के नेताओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आने जाने का मुख्य रूट है। ग्राम पंचायत सिरकोतगा व पूहपुटरा को आदर्श ग्राम घोषित किया गया था। इसके अलावा साप्ताहिक बाजार, ग्रामीण बैंक, हायर सेकेंडरी स्कूल और उप स्वास्थ्य केन्द्र होने के कारण बडी संख्या में लोग आवागमन करते है। ऐसे में सड़क की हालत जर्जर होने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**सड़क नहीं बनी तो करेंगे आंदोलन**

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण हुए 20 साल से अधिक हो गए है। न तो सड़क की मरम्मत हो सकी और न ही नए सिरे से सड़क निर्माण किया गया। ऐसे में सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो जाने के कारण बारिश का पानी एकत्र हो जाते है जिससे आने जाने में दिक्कत होती है। पूर्व में भी कई बार सड़क की समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत करा चुके है परंतु आज तक सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी। जल्द ही सड़क मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में गांव के लोग आंदोलन करेंगे।

**कराते है व्यवस्था**

ग्राम पंचायत सिरकोतंगा की सड़क काफी पुरानी है। सड़क काफी जर्जर हो गई। सड़क पर बने गड्ढे को भरने की व्यवस्था कराते है जिससे लोगों को परेशानी न हो।
-प्रकाश सिंह, जनपद सीईओ



# जिला अस्पताल के समीप नालियों पर अतिक्रमण, सड़क पर भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला अस्पताल के पास नालियों में अवैध अतिक्रमण के वजह से मुख्य मार्ग में एक फिट तक पानी भर जाने से लोग परेशान है। क्षेत्र के लोगों ने नालियों से अवैध अतिक्रमण हटाने तथा सड़क पर जमा पानी के लिए जल निकासी की व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

नेशनल हाईवे से अस्पताल जाने वाले मुख्य मार्ग के पीछे के रास्ते में जल जमाव होने के कारण आने जाने वाले लोगों एवं मरीज को कई प्रकार की परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग से जिला अस्पताल सीएमएचओ कार्यालय, जिला आयुष कार्यालय के अलावा डॉक्टर के निवास है जिससे हर रोज बड़ी संख्या में लोग आना-जाना करते है। इसके अलावा इसी मार्ग पर नगर पालिका कार्यालय, निजी एवं सरकारी स्कूल सहित कई बड़े संस्थान है लेकिन फिर भी मुख्य मार्ग के जलजमाव को निकालने के लिए किसी ने उचित पहल नहीं की गई जो अब क्षेत्र के लोगों के लिए परेशान का सबब बन गया है। सड़क पर जलजमाव होने के कारण विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों एवं अस्पताल आने जाने वाले लोगों संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। जिस जगह जल जमाव है वहां लोगों को पेयजल के लिए नल भी है लेकिन जल जमा होने के कारण नल अनुपयोगी हो गया है। नल से मरीज के परिजन एवं आसपास के लोग अपनी जरूरत के लिए पानी का उपयोग करते थे जो अब बेकार हो गया है। मुख्य मार्ग में पानी का जमाव होने के प्रमुख रूप से अगल बगल रहने वाले लोग एवं प्रशासन जिम्मेदार हैं क्योंकि मुख्य मार्ग के बगल में नाली का निर्माण हुआ है लेकिन नालियों में 1 फीट से भी ऊंचा मिट्टी मुरम पाट दिया गया है जिससे सड़क पर जमा पानी के लिए कोई निकासी नहीं है। पानी निकासी के साधन नहीं होने के कारण बारिश होने पर मुख्य मार्ग में जल जमाव हो जाता और पानी 1 फीट तक जमा हो जाती है। ऐसे में लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया वहीं मार्ग से गुजरने वाले वाहन सवारों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क पर पानी के जमा होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर जमा पानी के निकासी की व्यवस्था किए जाने की मांग की है जिससे मार्ग से गुजरने वाले लोगों को राहत मिल सके।

# पुलिस ने शुरू की संदिग्ध लोगों की जांच



**अम्बिकापुर।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से डीआईजी एवं एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देशन में गुरूवार को संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के लिए पुलिस ने जिलेभर में अभियान की शुरूआत की। एसएसपी श्री अग्रवाल ने जिलेभर के थाना व चौकी प्रभारियों को बाहरी प्रांतों से आकर निवास कर रहे लोगों की जांच कर मुसाफिरी दर्ज करने एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

- प्रथम दिन किया गया 450 लोगों का सत्यापन

अभियान के तहत किराए में रह रहे व्यक्तियों, ठेला-गुमटी संचालकों, होटल एवं अन्य संस्थानों, बस, ट्रक संचालकों के यहां चालक, परिचालक, क्लीनर का काम कर रहे लोगों की जांच की गई तथा उनके पहचान पत्र एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान मकान मालिकों, व्यवसाइयों को कार्यरत कर्मचारियों एवं किराएदारों से संबंधित जानकारी पुलिस थाना में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। मकान मालिकों एवं होटल संचालकों को किसी के अवैध आचरण की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराने की समझाइश दी गई। अभियान के प्रथम दिवस पुलिस ने 125 मकानों, व्यवसायिक संस्थानों, बस ट्रक संचालकों के यहां काम कर रहे 450 लोगों के पहचान पत्र का सत्यापन किया गया। मालूम हो कि बुधवार को भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने आईजी को ज्ञापन सौंप किराए के मकानों में रह रहे बाहरी लोगों का सत्यापन कराने की मांग की थी। आईजी के निर्देश पर पुलिस ने संदिग्ध रूप से रह रहे लोगों का सत्यापन करने का अभियान गुरूवार से जिलेभर में प्रारंभ किया है।

भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंप गांधीनगर, कोतवाली एवं मणिपुर थाना क्षेत्र में किराए के मकानों में लम्बे समय से निवासरत दूसरे राज्य के लोगों एवं उनके व्यवसाय का सत्यापन कराने की मांग की है। पार्षद श्री दुबे ने बताया कि दो लोगों की हत्या का आरोपी धनबाद का शाबिर अहमद पिछले 13 वर्षों से मोमिनपुरा में छिपकर व्यवसाय कर रहा था। इसी तरह पश्चिम बंगाल में नई सरकार बनने के बाद बड़ी संख्या में संदिग्ध बंग्लादेशी भी मिल सकते हैं।

# एसईसीएल कॉलोनियों में एक सप्ताह से दूषित पानी की हो रही आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आवासीय कॉलोनियों में करीब एक सप्ताह से बिना फिल्टर किए मटमैले एवं दूषित पानी की आपूर्ति होने से कॉलोनीवासियों को गंभीर समस्या से जूझने विवश होना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में गंदे पानी की लगातार आपूर्ति ने लोगों में जलजनित एवं मौसमी बीमारियों का भय बढ़ा दिया है।

- लगातार शिकायतों के बावजूद एसईसीएल के विभागीय अधिकारी कर्मचारी नहीं करा पा रहे निराकरण, कॉलोनीवासियों में बढ़ रहा आक्रोश

कॉलोनीवासियों का कहना है कि नलों से आने वाला पानी इतना गंदा है कि उसका उपयोग पीने की बात तो दूर, हाथ-मुंह धोने, स्नान करने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए भी मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि इस पानी के उपयोग से सर्दी-खांसी, डायरिया, उल्टी-दस्त,




टाइफाइड तथा अन्य संक्रामक बीमारियों के प्रकोप बढ़ने का खतरा काफी बढ़ रहा है,छोटे बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर रोगियों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक बनी हुई है,कॉलोनीवासियों का आरोप है कि उन्होंने फिल्टर प्लांट और संबंधित अधिकारियों के पास कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन हर बार केवल उन्हें आश्वासन ही मिला। शिकायत करते-करते लोग परेशान हो चुके हैं, फिर भी समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

परिणाम स्वरूप गंदे पानी की आपूर्ति लगातार जारी है और लोगों का आक्रोश बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि फिल्ट्रेशन व्यवस्था समय पर संचालित की जाती और जल टंकियों एवं पाइपलाइन की नियमित सफाई होती, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। उनका आरोप है कि संबंधित विभाग की उदासीनता का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।कालोनीवासियों ने एसईसीएल प्रबंधन से मांग किया है कि जलापूर्ति व्यवस्था की तत्काल जांच कर फिल्ट्रेशन प्रणाली को सुचारु किया जाए, जल टंकियों एवं पाइपलाइन की सफाई कराई जाए तथा पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि कॉलोनीवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। ज्ञात हो कि पिछले लगभग 2 वर्षों से कॉलोनी में स्थित टंकियों की सफाई भी संबंधित विभाग द्वारा नहीं कराई गई है,कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे जनस्वास्थ्य के हित में उच्च अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के समक्ष सामूहिक शिकायत दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे। वहीं दूसरी ओर यह भी बताया जा रहा है कि प्रबंधन द्वारा फेलकुटर टैंक की सफाई जो गर्मी में होनी चाहिए थी, उसे अभी कराया जा रहा है, जिससे ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है।

# खबर का असर, बतौली से करदना पहुंच डायवर्सन मार्ग का काम शुरू

**सेदम।** बतौली क्षेत्र में सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश में बतौली से करदना पहुंच मार्ग में बने डायवर्सन मार्ग पानी में बह गया था जिससे पांच गांवों का संपर्क बतौली मुख्यालय से टूट गया था। खबर प्रकाशने के बाद प्रधानमंत्री सड़क निर्माण के संबंधित अधिकारियों द्वारा तत्काल पांचों गांवों को जोड़ने पाईप डाल कर नए डायवर्सन मार्ग बना कर आवागमन चालू करवाया गया जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

- भारी बारिश से बह गई थी सड़क



गौरतलब है कि बतौली से करदना पहुंच मार्ग में बन रहे तीन पुलिया के निर्माणाधीन होने से तथा ठेकेदार द्वारा मिट्टी का डायवर्शन मार्ग गर्मी के मौसम में बनवाया था जहां पांचों गांव करदना, कदनई, लोटा भावना, झोजा, लैगु के ग्रामीण सहित स्कूली बच्चे आवागमन करते थे लेकिन यह मिट्टी का बना डायवर्सन मार्ग भारी बारिश होने तथा पानी के तेज बहाव में सोमवार को बह गया था। डायवर्सन मार्ग के बह जाने से मंगलवार को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, तहसील, थाना, जनपद जाने सहित किसानों को खाद बीज हेतु परेशान रहे। ग्रामीणों को हो रही परेशानी को लेकर हरिभूमि ने खबर प्रमुखता से प्रकाशन किया। खबर प्रकाशन के बाद संबंधित विभाग के अधिकारी हरकत में आए और आवागमन सुचारु कराया फिलहाल निर्माणाधीन पुलिया में पाइप डालकर वैकल्पिक डायवर्सन मार्ग बनाया गया है जिससे लोगों द्वारा आवागमन शुरू किया गया है।

इस संबंध में पीएम सड़क के जिला ई ई विकास कौशिक ने बताया कि मार्ग में आवागमन चालू करवाया गया है। पुलिया निर्माणाधीन है जहां आज वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए निर्माणाधीन तीनों पुलिया के समीप पाइप डालकर डायवर्सन मार्ग बनाया गया है जिससे लोग आवागमन शुरू कर दिया है। फिलहाल मौसम का ध्यान रखते हुए पुलिया का निर्माण समय रहते पूरा करने ठेकेदार को निर्देशित किया गया है ताकि लोगों का संपर्क बतौली मुख्यालय से बना रहे।

# यादव समाज ने की निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

शंकरगढ़ थाना में आशीष यादव व अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर सर्व यादव समाज ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

- सर्व यादव समाज ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

सौंपे गए ज्ञापन में सर्व यादव समाज ने आरोप लगाया गया है कि ग्राम दोहना स्थित भूमि विवाद के संबंध में 5 जुलाई को दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसकी सूचना पहले ही थाना शंकरगढ़ को दे दी गई थी। इसके बावजूद बाद में दर्ज एफआईआर में निर्दोष लोगों को आरोपी बनाया गया है। सर्व यादव समाज का कहना है कि विवाद के दौरान आशीष यादव एवं अभिषेक यादव के साथ मारपीट हुई थी, जिसकी शिकायत भी थाने में दी गई, लेकिन उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई वहीं विवाद शांत कराने पहुंचे कुछ लोगों को भी आरोपी बना दिया गया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि विवाद के दौरान एक महिला द्वारा स्वयं साड़ी फाड़कर झूठे मामले में फंसाने की बात कही गई,



जिसका वीडियो उपलब्ध होने का दावा किया गया है। सर्व यादव समाज ने मांग की है कि दर्ज अपराध की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा 7 जुलाई को बिना सर्च वारंट के कुछ लोगों के घरों में की गई कथित तलाशी की भी जांच कराई जाए।

समाज ने चेतावनी दी है कि यदि चार दिनों के भीतर निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो थाना के सामने धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिवनाथ यादव, हीरालाल यादव, देवनारायण यादव, कुलदीप यादव, संतोष यादव, अनुज यादव, रामलाल यादव, श्याम मुरारी यादव, अनुरंजन यादव, शुभम यादव, अजीत यादव, राजकुमार यादव, बसंत यादव, योशपाल यादव, उमेश यादव सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

## जनभागीदारी समिति की बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णय

# पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम के लिए देना होगा 25 हजार रूपए किराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजीव गांधी पीजी कॉलेज में बुधवार को जनभागीदारी समिति की बैठक हुई। बैठक में कॉलेज के ऑडिटोरियम का किराया निर्धारित किया गया साथ ही जनभागीदारी से संचालित पाठ्यक्रमों का शुल्क कम करने के साथ ही विभिन्न संरचनाओं का निर्माण एवं मरम्मत कराने का निर्णय लिया गया।

बैठक में समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने भवन निर्माण, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, खेल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए वित्तीय संसाधनों का सृजन, शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की आवश्यकताओं, समस्याओं एवं सुझावों पर विचार करने, नवाचार, बहुविषयक शिक्षा, कौशल आधारित शिक्षण को प्रोत्साहित करने तथा महाविद्यालय को बेहतर नैक ग्रेडिंग मिले इसकी कार्ययोजना अभी बनाने की बात कही। समिति ने सर्वसम्मति से महाविद्यालय के ऑडिटोरियम के लिए शासकीय संस्थाओं से 11,000 एवं गैर शासकीय संस्थाओं से 15,000 रूपए का किराया तय किया गया ताकि समय-समय पर इसका बेहतर प्रबंधन किया जा सके। कॉलेज के मैदान का दुरूपयोग रोकने एवं मेंटेनेंस के लिए संपूर्ण मैदान का



25000 रूपए एक दिन का शुल्क निर्धारित किया गया। समिति ने स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों के कार्यभार एवं शिक्षकों को नियुक्त करने की सहमति दी। स्नातकोत्तर एंथ्रोपोलॉजी एमएसडब्ल्यू एमएससी कंप्यूटर साइंस, बीए एंथ्रोपोलॉजी, एमए मनोविज्ञान जैसे सेल्फ फाइनेंस कोर्स के शुल्क कम करने एवं महाविद्यालय के मुख्य भवन के प्रवेश द्वार के गेट का पुनर्निर्माण करने एवं कैंटीन का विस्तार कर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। समिति ने महाविद्यालय की सुरक्षा को देखते हुए 10 सीसी कैमरा लगाने की अनुमति प्रदान की। महाविद्यालय के छात्रावास का निर्माण हाउसिंग बोर्ड द्वारा किया गया है और विगत 15 सालों से उसकी मरम्मत नहीं हुई है। समिति ने छात्रावास की खिड़कियों की मरम्मत कराने, वाशरूम और पुताई कराने की भी स्वीकृति दी। समिति ने मीटिंग हॉल को आधुनिक रूप देने एवं उसमें चार एसी एवं साउंड सिस्टम लगाने, बैठक में पुराने भवन के ऑडिटोरियम, इंडोर बैडमिंटन हॉल का नवीनीकरण करने, मुख्य गेट से विद्यावृत्त, रूसा भवन तथा साक्षरता ब्लॉक तक पार्षद मद से पक्का मार्ग बनाने, पेयजल समस्या के निराकरण के लिए ननि से दो नल कनेक्शन लेने तथा विधि विभाग में 120 सीट बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में तहसीलदार विकास जिंदल, सांसद प्रतिनिधि रिंकू वर्मा, सदस्य दीपक यादव, संतोष दास, दीपांकर गुप्ता, मनोज सोनी, प्रभात विश्वास, डॉ.अनिल सिन्हा, डॉ.राजकमल मिश्रा, डॉ.एसएन पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

